पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोगः सम्बद्ध प्राइमरी सहायक अध्यापक भर्ती में विशेष शिक्षा डिप्लोमा व बी.एल.एड. भी शामिल

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक विस्तारित, 7 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन में संशोधन

लिखित परीक्षा की तिथियों में कोई बदलाव नहीं; पूर्व निर्धारित 3 व 4 दिसंबर को ही संपन्न होगी परीक्षा

लखनऊ : 28 अक्टूबर, 2026

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शहरी (Urban) तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के सम्बद्ध प्राइमरी प्रभाग में सहायक अध्यापक पद पर भर्ती (विज्ञापन संख्या–05/2026) की निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश तथा शासन के अनुमोदन के क्रम में अब सम्बद्ध प्राइमरी सहायक अध्यापक पद हेतु विशेष शिक्षा में डिप्लोमा तथा बी.एल.एड. उपाधिधारकों को भी औपचारिक रूप से शामिल कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा याचिका संख्या (Writ-A No.–16588 of 2026) में 24 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश एवं उत्तर प्रदेश शासन के माध्यमिक शिक्षा के पत्र के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) पद की मान्य अर्हताओं में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अनुमोदित शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (विशेष शिक्षा) तथा 04 वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी–एल–एड) नामक दो योग्यताओं को सम्मिलित किया गया है।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि अर्हताओं के विस्तार के फलस्वरूप इन दोनों योग्यताओं के आधार पर आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन की तिथियों को आगे बढ़ाया गया है। विज्ञापन संख्या– 05/2026 के अंतर्गत सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) पद हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 28 अक्टूबर 2026 निर्धारित थी, उसे एक सप्ताह के लिए विस्तारित करते हुए अब 04 नवम्बर 2026 कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को अपने भरे हुए ऑनलाइन आवेदन–पत्र में त्रुटि सुधार/संशोधन करने के लिए 07 नवम्बर 2026 तक का अवसर प्रदान किया गया है। लिखित परीक्षा के पूर्व घोषित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। विज्ञापन से संबंधित लिखित परीक्षा अपनी पूर्व निर्धारित तिथियों 03 एवं 04 दिसम्बर 2026 को ही प्रदेश के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न कराई जाएगी।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राघवेन्द्र/06:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in